दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### दुर्ग-विशाखापट्टनम के मध्य चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए खुशखबरी है। रेलवे प्रशासन दुर्ग से दुर्ग से विशाखापट्टनम तक अब नई वंदे-भारत एक्सप्रेस चलने वाली है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक यह ट्रेन आचार संहिता खत्म होने के बाद जून से चल सकती है. सूत्रों का दावा है कि इसका समय भी तय कर दिया गया है. इस ट्रेन के लिए पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को चि_ी लिखी है. रेलवे सूत्रों के मुताबिक दुर्ग से यह ट्रेन सुबह 6 बजे निकलेगी और दोपहर 2.30 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी. दोपहर 3.15 को विशाखापट्टनम से छूटेगी साढ़े आठ घंटे में 565 किलोमीटर की दूरी तय कर रात 11.50 को दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी. यहां-यहां होगा दुर्ग-विशाखापट्नम वंदेभारत ट्रेन का स्टॉपेज यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर, लखोली, महासमुंद, खरियार-रोड, कांटा-भांजी, टिटलागढ़, सिंगापुर-रोड, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम् और विजयानगरम होते हुए विशाखापट्टनम पहुंचेगी।

### ईवीएम का सेप्रेशन शुरू : तहसील कार्यालय वेयर हाऊस में चल रहा कार्य

**रायगढ़।** तहसील कार्यालय स्थित वेयर हाऊस में ईवीएम का सेप्रेशन किया गया। इस दौरान मशीनों को रेडमाइज्ड कर विधानसभा वार एलाट किया गया। सुबह 10 बजे से ईवीएम का सेप्रेशन कार्य शुरू हुआ। सबसे पहले ईवीएम रखे पेटियों को निकाला गया। पहले चरण में बीयू (बैलटिंग यूनिट) का सेप्रेशन किया गया। इसमें बीयू को विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा-15, रायगढ़-16, खरसिया-18 एवं धरमजयगढ़-19 के लिए एलाट किया गया। सेप्रेशन की प्रक्रिया में सबसे पहले बीयू के सीरियल नंबरों को स्केन किया गया और फिर उसे संबंधित विधानसभा का स्टीकर लगाकर विधानसभा के हिसाब से आबंटन किया गया। आबंटन कार्य में संबंधित विधानसभा के कोटवार व अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। शाम तक करीब 200 बीयू का विधानसभा आबंटन कार्य पूर्ण किया गया।

### निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालयों में मतदान के लिए 7 मई को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम अनुसार मतदान दिवस 7 मई 2024 को निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### भारत सरकार के केंद्रीय विद्यालयों के कक्षा 2 से लेकर आगे कक्षा में रिक्त सीट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** देशभर में भारत सरकार के अधीन इंग्लिश मीडियम में संचालित केंद्रीय विद्यालयों में कक्षा 2 से लेकर आगे कक्षा में (कक्षा ग्यारहवीं को छोड़कर) में सीट रिक्त होने पर संबंधित विद्यालय में आवेदन किया जा सकता है आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2024 है, जिसका सूची 15 अप्रैल 2024 को और इन सभी कक्षाओं में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि (कक्षा ग्यारहवीं को छोड़कर) 29 अप्रैल है। कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन दसवीं कक्षा के परिणाम घोषित होने के दस दिन बाद किया जाएगा।

### ढाई किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना आमानाका थाना को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत चंदनडीह रेलवे पटरी खारुन नदी घाट के पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री के लिए ग्राहक खोज रहा है । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी आमानाका को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकडऩे निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना आमानाका पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम गुलाब कंडरा पिता बृजलाल कंडरा उम्र 27 वर्ष नविासी रेल्वे किनारे चंदनडीह थाना डीडी नगर का होना बताया आरोपी के पास रखे थैला की तलाशी लेने पर थैला में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी गुलाब को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2किलो 05 ग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 25,000 हजार रुपए जब्त कर धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

# मतदान के लिए नेवता तुंहर दुवार आमंत्रण लेकर बिरहोर बस्ती पहुंचे कलेक्टर : सभी बिरहोर परिवारों को मतदान के लिए दिया न्योता

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई शपथ
- 'इंग भारत इया अथरे भारत इदना' के लिए 7 मई को वोट जरूर दें





**रायगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के नेतृत्व में जिला प्रशासन आज मतदान के लिए नेवता तुंहर दुवार आमंत्रण लेकर विकासखंड तमनार के विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बाहुल्य ग्राम कचकोबा पहुंचे। जहां स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि सभी मतदाता मतदान अवश्य करें। उन्होंने इस दौरान बुजुर्ग एवं नए मतदाताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है, इसमें सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय बोली बिरहोर में 'इंग भारत इया अथरे भारत इदना' मैं भारत हूं, भारत है मुझमें कहते हुए कहा की हम सब से देश हैं और हमें देश के लिए अपना बहुमूल्य वोट देना आवश्यक है। उन्होंने आगामी 7 मई को मतदान दिवस के दिन सभी लोगों को अवश्य मतदान करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने वृद्ध मतदाता समारी, एतवारिन बिरहोर, अजीराम बिरहोर सहित नये मतदाता गीता बिरहोर, नरेशी बिरहोर, सुमित्रा बिरहोर, रामेश्वरी से चर्चा की तो उन्होंने परिवार संग अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन में लोगों की सहभागिता बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान हेतु विकासखंड पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें बड़ी संख्या में जन सामान्य शामिल हो रहे है और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी कर रहे है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के 461 बिरहोर मतदाताओं को नेवता तुहर दुवार आमंत्रण पत्र प्रदान कर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम रमेश मोर, तहसीलदार रिचा सिंह, सीईओ जनपद पंचायत वीरेन्द्र सिंह राय, बीएमओ मिंज, बीईओ मोनिका गुप्ता, पशुपालन विभाग से कुशवाहा, सीडीपीओ अर्चना मरकाम एवं उद्यान अधिकारी संजय भगत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कलेक्टर संग मतदाताओं ने ली सेल्फी-** कचकोबा में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में ग्रामवासी काफी उत्साहित नजर आए। लोगों ने आगामी होने वाले निर्वाचन के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील करते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के साथ उत्सुकता के साथ सेल्फी ली।

**कलेक्टर ने दिलाई मतदान की शपथ-** कलेक्टर गोयल ने आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदान हेतु लोगों को शपथ दिलाई। इस दौरान बिरहोर बस्ती के लोगों ने स्थानीय बिरहोर बोली में अंकित श्लोगन के माध्यम से आगामी 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित किया।

## सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने बैठक लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रम की बिन्दुवार की समीक्षा

- उप स्वास्थ्य केन्द्र त्रिभौना का किया औचक निरीक्षण

**रायगढ़**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाँधी नगर में समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधिकारी, आर.एम.ए, सी.एच.ओ, स्टाफ नर्स, पर्यवेक्षक, आर.एच.ओ महिला/पुरूष, डाटा एंट्री आपरेटर, मितानिनों के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की बिन्दुवार समीक्षा की गई। उन्होंने अपने निर्धारित लक्ष्य के अनरूप उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिये। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ-साथ, फोर ए.एन.सी पंजीयन शत-प्रतिशत कर घर-घर जाकर आयरन एवं कैल्शियम की दवा मरीज द्वारा सेवन किया जा रहा है उसका फालोअप करने के लिये सख्त निर्देश दिए। अस्पताल की साफ- सफाई, मरीजों के साथ कुशल व्यवहार, मौसम में बदलाव होने से दवा का भंडारण अपने संस्था में पर्याप्त मात्रा में रखने हेतु कहा।

सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने व्हीएचएसएनडी सेशन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के उप.स्वा. केंद्र त्रिभौना में औचक निरीक्षण किया, जिसमें बच्चों को संपूर्ण टीकाकृत करने के निर्देश दिये जिससे एक भी बच्चा न छूटे। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर प्रसव पूर्व एवं पश्चात तक निगरानी करने के निर्देश दिये।

## बैंक अनिवार्य रूप से दें संदेहास्पद लेन-देन की जानकारी- कलेक्टर

- व्यय अनुवीक्षण के संबंध में बैंक शाखा प्रबंधकों की ली बैठक

**रायगढ़**



सभी बैंकों के सभी शाखाओं को बैंकों में हुए संदेहास्पद लेने-देन की जानकारी तय फार्मेट में अनिवार्य रूप से प्रति दिवस देनी है। इसी तरह बिना क्यूआर कोड के एटीएम में कैश जमा करने वाले वाहनों का परिचालन नहीं होगा। क्यूआर कोड के बिना कैश मूवमेंट करने वाले वाहनों का परिचालन करते पकड़ा गया तो पूरे कैश को सीज कर दिया जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज लोकसभा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में जिले के बैंक प्रबंधकों की बैठक में कही।

बैठक में उन्होंने व्यय अनुवीक्षण के संबंध में बैंकों के लिए तय कार्यों को गंभीरता से करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने बैंकों में हुए संदेहास्पद लेन-देन, बड़ी मात्रा में 10 लाख तक की राशि जमा अथवा निकासी, उम्मीदवारों एवं उनके परिवार के सदस्यों के एकाउंट से 1 लाख रुपए तक जमा अथवा निकासी, किसी एक एकाउंट से बहुत सारे एकाउंट में अचानक हो रहे ट्रांजेक्शन इन सभी बातों की रिपोर्टिंग तय फार्मेट में प्रति दिवस अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने साइबर फ्राड संबंधित शिकायत पर बैंकों द्वारा त्वरित रूप में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर फ्राड की शिकायत पर तत्काल फ्राड करने वाले बैंक एकाउंट को होल्ड किया जाए, ताकि फ्राड कैश का आहरण न कर सके। इसी तरह साइबर फ्राड के केसेस में प्रार्थी को रुपए वापस करने संबंधित कोट के फैसला पर त्वरित कार्यवाही करें। इसीतरह पुलिस अधीक्षक पटेल ने सभी बैंकों के सीसीटीवी और एमरजेंसी अलार्म को अच्छी तरह अपडेट रखने की बात कही। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निवार्चन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने व्यय अनुवीक्षण के संबंध में जिले के बैकों के सभी ब्रांच द्वारा किए जाने वाले पांच तरह के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी बैंकों द्वारा समय सीमा पर तय फार्मेट में प्रति दिवस एसटीआर उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार उम्मीदवारों के बैंक एकाउंट खोलने और उन्हें चेक आदि सुविधा उपलब्ध कराने में तत्परता बरतने की बात कही। अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय ने बताया कि उम्मीदवार पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नाम निर्देशन के लिए खुलवाए गए बैंक एकाउंट से अधिकतम 10 हजार रुपए ही कैश निकाल सकते हैं। इससे ज्यादा उम्मीदवार किसी भी परिस्थिति में संबंधित एकाउंट से कैश नहीं निकाल सकते। इसी तरह आयोग के निर्देश अनुसार लोकसभा उम्मीदवार अधीकतम 95 लाख रुपए से ज्यादा खर्च नहीं कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने पार्टी विशेष व पार्टी पदाधिकारियों के बैंक एकाउंट से राशि निकालने व जमा करने की स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं व्यय अनुवीक्षण नोडल ऋषा ठाकुर, जिला मास्टर ट्रेनस राजेश डेनियल, विकास रंजन सिन्हा सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बाइक चोरी में पुलिस को मिली सफलता, कापू पुलिस ने चोरी की 5 बाइक के साथ सक्रिय चोर को किया गिरफ्तार

- धरमजयगढ़ व पत्थलगांव क्षेत्र से बाइक चुराकर घर में छिपा रखा था आरोपी, बेचने निकाला और पकड़ा गया

**रायगढ़**



पिछली क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा बाइक चोरी पर अंकुश लगाने थाना, चौकी प्रभारियों को सूचना तंत्र सुदृढ़ कर बाइक चोरों पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया था जिसमें कापू पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय बाइक चोर को चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपी सोल्ड बाइक को निशाना बना रहा था।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 08/04/2024 को थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को मुखबीर से सूचना मिली कि कापू बस स्टैंड के पास एक युवक सेकंड हैंड बाइक बिक्री के लिए कुछ लोगों से चर्चा कर रहा है, युवक के पास बाइक का कोई कागजात नहीं है संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने संदेही युवक को बाइक बिक्री के संबंध में पूछताछ कर कागजात दिखाने बोले जिसमें उसने बाइक के कागजात नहीं होना बताया। थाना प्रभारी द्वारा हिकमत अमली से पूछताछ करने पर युवक संजय उर्फ कलाऊ नगेसिया ने बाइक को महीने पहले पत्थलगांव क्षेत्र से चोरी करना बताया और कुछ बाइक को धरमजयगढ, पत्थलगांव और खम्हार बाजार से चोरी कर घर बाड़ी में छुपा कर रखना बताया। कापू पुलिस द्वारा आरोपी संजय उर्फ कलाउ नगेसिया को साथ उसके घर गई, जहां आरोपी के बाड़ी में छुपा कर रखें अन्य बाइक गवाहों के समक्ष बरामद किया गया है। आरोपी संजय उर्फ कलाऊ नगेसिया पिता मंगलू नगेसिया उम्र 27 साल निवासी रतनपुर टिहलीसराई थाना कापू जिला रायगढ़ के कब्जे से 05 मोटर सायकल- हीरो होण्डा सीडी डीलक्स काला रंग सोल्ड, हीरो एचएफ डीलक्स काला रंग सोल्ड, हीरो एचएफ डीलक्स रेड ब्लैक सोल्ड, हीरो एचएफ डीलक्स लाल काला रंग सोल्ड, हीरो स्प्लेंडर प्लस नीला काला रंग सोल्ड, कुल कीमती करीब 1,80,000 रुपए का बरामद किया गया। आरोपी ने बताया कि कल ही उसने चोरी की बाइक बिक्री के लिये निकाला और पकड़ा गया। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की जानकारी निकाली गई जिस पर आरोपी संजय उर्फ कलाऊ नगेसिया के विरुद्ध पूर्व में थाना बतौली जिला सरगुजा में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज होने की जानकारी मिली है। आरोपी के कृत्य पर थाना कापू में इस्तगासा क्रमांक 01/2024 धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम व एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में कार्यवाही में थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, प्रधान आरक्षक देवलाल राठिया, आरक्षक सामवेल मिंज और विभूति सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अवैध शराब पर चक्रधरनगर पुलिस की कार्यवाई जारी, ग्राम सम्बलपुरी में 8 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने चक्रधरनगर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। दिनांक 09.04.2024 के दोपहर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबिर से ग्राम सम्बलपुरी में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिला। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा थाने से स्टाफ कार्रवाई के लिए रवाना किया। चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा ग्राम सम्बलपुरी में अमित होटल के पीछे बाडी में आरोपी परमानंद भोय पिता टुनु राम भोय उम्र 42 वर्ष साकिन सम्बलपुरी थाना चक्रधरनगर, जिला रायगढ़ को अवैध रूप से शराब बेचने दो लीटर वाले तीन प्लास्टिक बाटल में फुल भरा कुल 08 लीटर महुआ शराब कीमती 800/- रूपये के साथ पकड़ा गया। आरोपी परमानंद भोय पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रवि साय, आरक्षक अभय यादव, चन्द्र कुमार बंजारे और महिला आरक्षक अनिता बेक शामिल थे।

## हिन्दू नववर्ष और नवरात्र पर मतदान ''कलश यात्रा'' से सराबोर हुआ बरमकेला क्षेत्र

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्र के पहले दिन के विशेष मंगल बेला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और नोडल अधिकारी स्वीप सह परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बरमकेला के सभी ग्राम पंचायतों में वृहद रूप से गांव-गांव में धार्मिक पर्व के रूप में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत गांवों में बसता है, वाक्य को चरितार्थ करते हुए ग्रामीणों ने भारत के लोकतंत्र के पर्व देश के गर्व को धार्मिक रंग में ''कलश यात्रा'' के रूप में ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। बरमकेला ब्लॉक के इस वृहद आयोजन में सभी किशोर, युवा, बुजुर्ग महिला पुरूषों ने सहयोग प्रदान किया, जिसमें लगभग 5000 से अधिक लोग शामिल हुए और मतदान करने हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रंगोली, कलश सजाना, मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सभी महिलाएं धार्मिक पर्व पर जिस प्रकार से कलश यात्रा में वस्त्र, श्रृंगार के साथ कलश का धारण करती हैं, ठीक वैसे ही इस मतदाता जागरूकता अभियान के कलश यात्रा में वस्त्र, श्रृंगार के साथ कलश का धारण की थीं। इससे समूचा बरमकेला ब्लॉक मतदान के कलश यात्रा से सराबोर रहा।

## नवरात्रि पर्व पर भक्तिमय रहेंगे श्रद्धालु



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि पर्व पर धार्मिक पर्यटन के रूप में जिले के धार्मिक मंदिर टिमरलगा के नाथलदाई, सारंगढ़ जिला मुख्यालय में स्थित मां काली मंदिर और समलाई मंदिर, बरमकेला रोड में लात नाला पर स्थित काली मंदिर और ग्राम मल्दा के बंजारी माई, भटगांव क्षेत्र में स्थित जोरादाई मंदिर और कोसीर के कुशलाई दाई के मंदिर में कलश ज्योति की स्थापना की गई। इस विशेष 9 दिवसों में देवी माताओं के विशेष आशीर्वाद से भक्त लोग भक्तिमय रहेंगे।

## मालीडीपामें रही रामनाम की गूंज अष्टप्रहरी नामयज्ञ का हुआ आयोजन

**रायगढ़ (आरएनएस)।** मालीडीपा, बोईरदादर में अष्टप्रहरी नामयज्ञ का आयोजन किया गया। पहले दिन भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां शामिल हुईं। विधि-विधान के साथ कलश स्थापना व पूजा-अर्चना के बाद अष्टप्रहरी नामयज्ञ का शुभारंभ हुआ। जिसमें शामिल होने आसपास क्षेत्र की कीर्तन मंडलियां पहुंची हुई थीं। इस दौरान पूरा क्षेत्र भगवान राम व कृष्ण की भक्ति में लीन रहा। तीन दिवसीय इस भक्तिमय आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई। इसके दूसरे दिन शनिवार से अष्टप्रहरी नामयज्ञ प्रारंभ हुआ। कीर्तन मंडलियों के साथ पूरे मोहल्लेवासी नामयज्ञ में लीन हो गए। पूरा मोहल्ला हरे राम हरे राम व हरे कृष्ण हरे कृष्ण.. से गुंजायमान हो गया। रविवार को नामयज्ञ की पूर्णाहुति हुई। इस दौरान प्रसाद ग्रहण भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजन को सफल बनाने में पूरे मोहल्लेवासियों का योगदान रहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480